Tital Code : RAJHIN27802

वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-175 सागवाड़ा, रविवार,27 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

मोसैरे भाई के घर मेहमान जा रहे युवक को ट्रैक्टर ने कुचला

हादसे में युवक की हुई मौत

आसपुर। डूंगरपुर जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के मुंगाना गांव में पैदल जा रहे एक युवक को ट्रेक्टर-ट्रोली ने अपनी चपेट में लिया था। हादसे में युवक की मौत हो गई। वही हादसे के बाद ट्रेक्टर-ट्रोली चालक फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी ट्रेक्टर-ट्रोली चालक की तलाश शुरू कर दी है।

डूंगरपुर जिले के दोवडा थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की पारडा चोबीसा निवासी छगनलाल परमार ने रिपोर्ट देकर बताया की उसका छोटा भाई 23 वर्षीय दिलीप पुत्र बंशीलाल परमार कल रात के समय पैदल-पैदल अपने मौसेरे भाई के घर मुंगाना मेहमान जा रहा था। इस दौरान रात करीब साढ़े 10 बजे के आसपास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रोली ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद दिलीप के हाथ-पैर और सिर पर गंभीर चोटें आई और खून बहने लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वही हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रोली लेकर मौके से फरार हो गया। इधर गंभीर रूप से घायल दिलीप को 108 एंबुलेंस से डूंगरपुर जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद दिलीप को मृत घोषित कर दिया। वही इसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पर दोवड़ा थाना पुलिस को दी। जिस पर रात को दोवडा थाने से हेड कांस्टेबल जीवनलाल, कांस्टेबल खुशपालसिह जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रात को शिफ्ट करवाया। वही आज सुबह परिजन व दोवडा थाना पुलिस जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही मृतक दिलीप के बड़े भाई छगनलाल ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ तेज रफ्तार से चलाने और एक्सीडेंट की रिपोर्ट पुलिस को दी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी ट्रेक्टर-ट्रोली चालक की तलाश में जुटी है।

शिवरात्रि पर श्री महादेव जी की शोभायात्रा निकलेगी

सागवाड़ा। श्री देवालय निर्माण समिति के द्वारा सभी समाजों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की गई। जिसमें सभी समाजों के अध्यक्षों एवं समाज के प्रतिनिधियों सहित देवालय निर्माण समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही। शिवरात्रि पर श्री महादेव जी की शोभायात्रा सुबह 8 बजे गमरेश्वर महादेव मंदिर से निकलेगी जो बस स्टैंड चौराहा से होती हुई बैंक तिराहे के पास से मांडवी चौक जाएगी। मांडवी चौक में सभी समाज मिलकर महाआरती करेंगे । शोभायात्रा कलालवाड़ी से होती हुई पुन: बैंक की तिराहे से बसस्टेंड चौराहा से होती हुई वापस गमरेश्वर महादेव मंदिर लौट आयेगी। महादेव मंदिर में पुन: आरती करने के पश्चात महा प्रसादी के रूप में एवं गन्ने के रस का वितरण किया जाएगा।

नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति ने पुरानी पेंशन बहाली पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी क्षेत्र के शिक्षको गृह जिलो में भेजने के वायदे को दिलाया याद

सागवाड़ा। राज्य सरकार की ओर से पुरानी पेंशन बहाल करने के फैसले पर कर्मचारी संगठनों में खुशी का माहोल है। इसी के तहत नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति ढोल नगाडो के साथ सागवाडा कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहा पर उन्होंने कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष से मुलाक़ात करते हुए मुख्यमंत्री का इस फैसले के लिए आभार जताया वही टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी क्षेत्र निवासी हजारो शिक्षक को उनके गृह जिलो में भेजने के वायदे को सरकार को याद दिलाया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आम बजट में प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल करने की घोषणा की थी। जिसके बाद से सरकारी कर्मचारियों की खुशी का कोई ठिकाना नही है वही वे सरकार व मुख्यमंत्री का आभार जता रहे है। इसी के तहत डूंगरपुर जिले में नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति के बेनर तले सैकड़ो शिक्षक ढोल-नगाडो के साथ अपनी खुशी जाहिर करते हुए सागवाडा कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहा पर उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा पुरानी पेंशन बहाल करने पर कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया के मार्फत मुख्यमंत्री व सरकार का आभार जताया है। वही इस दौरान नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति ने कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष दिनेश खोडनिया को ज्ञापन सौपते हुएटीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी क्षेत्र निवासी हजारो शिक्षक को उनके गृह जिलो में भेजने के वायदे को भी सरकार को याद दिलाया है। इस मौके पर नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया की डार्क जॉन के शिक्षक होने के कारण नॉन टीएसपी शिक्षक संघर्ष समिति साल 2014 से इसके लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया की तत्कालीन सरकार ने वर्ष 2014 में टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी क्षेत्रो के निवासी शिक्षको से उनके गृह जिलो में भेजने के लिए विकल्प पत्र भरवाए थे। इस दौरान टीएसपी क्षेत्र के डूंगरपुर जिले के सहित अन्य टीएसपी जिलो के 2 हजार 538 शिक्षको ने अपने गृह जिलो में जाने के लिए विकल्प पत्र भरे थे। लेकिन 8 साल बीतने के बावजूद सरकार की ओर से ऐसे हजारो शिक्षको को उनके गृह जिलो में नहीं भेजा गया है। वही हाल ही में वल्लभनगर व धरियावाद उपचुनाव में चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री ने भी टीएसपी क्षेत्र में कार्यरत नॉन टीएसपी क्षेत्रो के निवासी शिक्षको को उनके गृह जिलो में समायोजित करने की घोषणा की थी। लेकिन वह घोषणा भी आज तक घोषणा ही बनकर रह गई है। संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा ने बताया की नॉन टीएसपी संघर्ष समिति टीएसपी क्षेत्र से नॉन टीएसपी क्षेत्र में अपने जिलो में समायोजित करने की मांगो को लेकर संघर्ष करता आ रहा है। जिला लेवल से लेकर संभाग स्तर व जयपुर स्तर पर धरना प्रदर्शन कर अपनी मांग की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित किया। लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

राजस्थान के स्कूलों में फिर परोसा जाएगा गर्म खाना

जयपुर। राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को 9 मार्च से एक बार फिर गरम खाना परोसा जाएगा। शिक्षा विभाग के,ष्टस् पवन कुमार गोयल ने प्रदेश के सभी कलेक्टर को आदेश जारी मिड-डे मील योजना शुरू करने का फैसला लिया है। जिसके तहत प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा पहली से 8वीं तक पढ़ने वाले बच्चों को पका हुआ खाना खिलाया जाएगा। इससे पहले कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले 2 साल से छात्रों को पोषाहार बनाना बंद था। कोरोना संक्रमण के बाद पिछले 2 साल से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले जरूरतमंद बच्चों को सूखे राशन के किट वितरित कर रही थी। पिछले कुछ वक्त से सरकारी स्कूलों में सूखे राशन के किट वितरित नहीं किए जा रहे थे। इसके साथ ही कुछ जगहों पर राशन किट बेचने की भी शिकायत मिल रही थी। इसके बाद अब सरकार ने एक बार फिर स्कूलों में ही खाना बनाने के साथ खाना खिलाने की व्यवस्था को फिर से शुरू कर दिया है। जिसके तहत स्कूल के 2 टीचर्स बच्चों को खाना खिलाने से पहले भोजन की गुणवत्ता को खा कर चेक करेंगे। उसके बाद ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भोजन परोसा जाएगा। दरअसल, प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण की वजह से 14 मार्च 2020 से स्कूलों में पोषाहार नहीं बनाया गया हैं। इस दौरान सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गेहूं और चांवल की साथ दाल, तेल और मसाले के कोम्बो पैकिट का दिए जा रहे थे। लेकिन कोरोना की पाबंदिया हटाने के बाद अब शिक्षा विभाग ने एक बार फिर प्रदेश के स्कूलों में पोषाहार बनाने का फैसला किया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन कुमार गोयल ने 9 मार्च से प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में गर्म भोजन पकाने के आदेश जारी किए हैं।

टीएसपी क्षेत्र में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की मांग

प्रेस वार्ता में आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी आरक्षण मंच ने उठाई मांग

डूंगरपुर। जिले के आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी आरक्षण मंच टीएसपी क्षेत्र की ओर से आज शहर के आदिवासी छात्रावास में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकार वार्ता में आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी आरक्षण मंच ने टीएसपी क्षेत्र में जनसँख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था करने व प्रशासनिक सेवा में टीएसपी क्षेत्र के एसटी वर्ग को 12 फीसदी में से अलग से आरक्षण दिए जाने की मांग की है डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर स्थित आदिवासी छात्रावास में आज आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी आरक्षण मंच टीएसपी क्षेत्र की ओर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता को आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी आरक्षण मंच टीएसपी क्षेत्र के अध्यक्ष रुपलाल डामोर ने संबोधित किया। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए डामोर ने कहा टीएसपी क्षेत्र में जनजाति वर्ग की जनसँख्या अन्य वर्गों की अपेक्षा अधिक है लेकिन जनसँख्या के अनुपात में काफी कम आरक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा की आदिवासी विकास परिषद सहित अन्य आदिवासी संगठन लम्बे समय से टीएसपी क्षेत्र में जनसँख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था करने की मांग उठा रहे है। लेकिन सरकार की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वही पत्रकार वार्ता के दौरान रूपलाल डामोर ने कहा की प्रदेश में प्रशासनिक सेवाओं में एसटी वर्ग को 12 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था है लेकिन टीएसपी क्षेत्र के एसटी वर्ग आर्थिक व शैक्षणिक दृष्टि से काफी कमजोर है। जिसके चलते नॉन टीएसपी क्षेत्र के एसटी वर्ग उस आरक्षण का लाभ अधिक ले रहे है। वही टीएसपी क्षेत्र के एसटी वर्ग के युवाओं को कम मौका मिल पा रहा है। ऐसे में आदिवासी विकास परिषद व आदिवासी आरक्षण मंच टीएसपी क्षेत्र के अध्यक्ष रुपलाल डामोर ने राज्य सरकार से टीएसपी क्षेत्र में जनसँख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था करने व प्रशासनिक सेवा में टीएसपी क्षेत्र के एसटी वर्ग को 12 फीसदी में से अलग से आरक्षण दिए जाने की मांग की है। वही टीएसपी क्षेत्र के सभी विधायको से इस मांग की पैरवी करने की मांग की है। वही पत्रकार वार्ता में रूपलाल डामोर ने कहा की भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 (1) के अधीन 5 वी अनुसूची में अनुचित क्षेत्र में निवासरत जनजातियो के उत्थान व कल्याण विशेष प्रावधान भी किये गए है लेकिन आजादी के बाद से उन प्रावधानों का भी पूरा लाभ टीएसपी क्षेत्र के एसटी वर्ग को नहीं मिल पा रहा है। इधर पत्रकार वार्ता में आदिवासी विकास परिषद ने पिछले 3 साल से ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी की बैठक नहीं होने से भी आदिवासी क्षेत्र की जनता को कई लाभ से वंचित होने के भी आरोप लगाए है। इसके साथ आदिवासी विकास परिषद ने टीएसपी क्षेत्र के विस्तार होने के चलते सरकार की ओर से निकाली जा रही भर्तियो में पद बढाने, डूंगरपुर में बंद पड़ी सरस डेयरी को पुन: शुरू करने व जर्जर हो चुके एसबीपी कॉलेज के नए भवन के निर्माण की मांग की है।

कैंसर-हार्ट के 8 हजार तक के टेस्ट फ्री होंगे

जयपुर। गहलोत सरकार ने प्रदेश के लोगों के लिए सरकारी हॉस्पिटल में ओपीडी और आईपीडी मरीजों के तमाम इलाज फ्री करने की घोषणा की है। इसमें जांच पर लगने वाला शुल्क भी शामिल है। वर्तमान में आउटडोर (ओपीडी) में आने वाले मरीजों को जिला या मेडिकल कॉलेज से संबंधित हॉस्पिटल में ब्लड संबंधी कई टेस्ट के लिए फीस देनी होती है। इसके अलावा गेस्ट्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑप्टोमोलॉजी, हार्ट, कैंसर से जुड़ी कई बीमारियों के लिए 100 से लेकर 8 हजार रुपए तक का शुल्क देना पड़ता है। वहीं, इलाज के लिए भर्ती मरीज से आईसीयू बेड चार्ज, एडमिशन फीस समेत अन्य कई शुल्क लिए जाते हैं। नए फाइनेंशियल ईयर यानी अप्रैल से ये सभी टेस्ट फ्री होंगे। हेल्थ को लेकर बजट में कई घोषणाएं की गई हैं।

राजस्थान सरकार ने यूक्रेन से आने वाले राजस्थानियों को घर तक पहुंचाने की सुविधा शुरू की

जयपुर। राजस्थान सरकार यूक्रेन में रहने वाले अपने प्रदेश के छात्रों की हर प्रकार की सहायता के लिए तत्पर है। दिल्ली, मुंबई तथा अन्य एयरपोर्ट्स पर आने वाले राजस्थानियों को घर तक पहुंचाने की सुविधा राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी।

लॉजिस्टिक्स की व्यवस्था, जिसमें रहना खाना और घर तक पहुंचाना राज्य सरकार के खर्चे पर सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्थान फ़ाउंडेशन के आयुक्त एवं राज्य नोडल अधिकारी धीरज श्रीवास्तव मुंबई के लिए को-ओर्डिनेट करेंगे। राजस्थान सरकार के अधिकारी मनोज तिवारी (मो.नं. 9414764750),सौरभ सिन्हा (मो.नं. 7229913892, 9414773675, 9414321470) और राजस्थान सूचना केन्द्र मुंबई से ऋतु सोढ़ी (मो. नं. 8118829859) मुंबई एयरपोर्ट पर उपस्थित रहेंगे। किसी भी प्रकार की आवश्यकता होने पर राजस्थान फ़ाउंडेशन के कमिशनर धीरज श्रीवास्तव (मो. नं. +91 9910322344) से निस्संकोच सम्पर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर ने पिलाई बच्चों को पोलियो की खुराक

3 दिन तक पल्स पोलियो अभियान में 2 लाख से ज्यादा बच्चे पिएंगे दवा

डूंगरपुर। कलेक्टर शुभम चौधरी एक बच्चे को पोलियो की दवा पिलात हुए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के पहले चरण की रविवार को शुरुआत हुई। कलेक्टर शुभम चौधरी ने शहर के पुराना अस्पताल में नौनिहालों को दो बूंद जिन्दगी की पिलाते हुए अभियान का आगाज किया। जिले में 0-5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है। एक अप्रेल तक चलने वाले अभियान के लिए जिले में 808 बूथ बनाये हैं। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज पहले दिन कलेक्टर शुभम चौधरी शहर के पुराना अस्पताल पहुंचीं। कलेक्टर ने नोनिहालो को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारम्भ किया। सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा व आरसीएचओ डा. कांतिलाल पलात मौजूद रहे। डॉ राजेश शर्मा ने स्वास्थ्य कर्मियों को अपने क्षेत्र मे 100 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने और बच्चों को दवा पिलाने के लिए पाबंद किया। कलेक्टर शुभम ने आम-जन से अपिल कि की बच्चों को बूथ पर ज्यादा से ज्यादा लाकर पोलियो कि खुराक पिलाएं। पोलियो की हर खुराक बच्चे के लिए आवश्यक है। डॉ. कांतिलाल पलात ने बताया की अभियान के तहत जिले में पल्स पोलियो के 808 बूथ बनाए हैं। 2 लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायएगी। पल्स पोलियो कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले दिन शहर व गांव तक बूथों पर पल्स पोलियो के खुराक पिलाई जा रही है। 28 फरवरी व 1 मार्च को बूथों पर खुराक पिने से वंचित रहे बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो कि खुराक पिलाने के बन्दोबस्त किये गए हैं। डॉ. पलात ने कहा कि बताया कि बस स्टेण्ड, रेलवे स्टेशन, स्लम और कच्ची बस्तीयों, रोड साइड, कंस्ट्रक्शन साइट पर मिलने वाले सभी बच्चों को पोलियो कि खुराक पिलाई जा रही है।

बारिश-ओले के कारण 2 डिग्री गिरा तापमान

जयपुर। राजस्थान में मौसम में एक बार फिर बदलाव दिखा है। उत्तर-पूर्वी राजस्थान में हुई बारिश के बाद प्रदेश के कई जिलों में सर्द हवाएं चल रही हैं। रात के तापमान में भी एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम में बदलाव का यह दौर आने वाले 48 घंटों तक जारी रह सकता है। आने वाले दो दिन में राजस्थान के उत्तर-पूर्व के चूरू, झुंझुनूं, सीकर, अलवर, भरतपुर जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार करीब एक दर्जन जिलों के तापमान में बढ़ोतरी भी दर्ज की गई। बीती रात सर्वाधिक तापमान 17.6 डिग्री सिरोही में व सबसे कम हनुमानगढ़ में 8.3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

कार के डेस्कबोर्ड व बम्पर में छिपाकर की जा रही थी शराब तस्करी

रतनपुर पुलिस चौकी ने 2 तस्करों को किया गिरफ्तार

डूंगरपुर। जिले के बिछीवाडा थाना की रतनपुर पुलिस चौकी ने रतनपुर बोर्डर पर शराब से भरी हुई कार को जब्त करते हुए 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। शराब तस्करो ने शराब को कार के डेस्क बोर्ड व बम्पर में छिपाकर रखी हुई थी। पुलिस ने कार से अंग्रेजी शराब के 460 पव्वे बरामद किये है जिनकी बाजार की कीमत 40 हजार रुपए बताई जा रही है। राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बोर्डर होकर गुजरात शराब तस्करी की सुचना मिली थी। सुचना पर बिछीवाडा थानाधिकारी रणजीत सिंह, रतनपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुशील कुमार, कांस्टेबल वसीम खान, नरेंद्र सिंह व देवी सिंह ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी शुरू की। इस दौरान मुखबिर के जरिये बताये अनुसार एक कार को रुकवाया गया। कार में दो लोग सवार थे। जिसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो सीधे - सीधे कार में कुछ नजर नहीं आया लेकिन पुलिस ने कार की गहनता से तलाशी ली तो कार के डेस्क बोर्ड व बम्पर में शराब छिपाकर रखी हुई थी।

जिस पर पुलिस ने कार के डेस्क बोर्ड व बम्पर से अंग्रेजी शराब के 460 पव्वे बरामद कर कार को जब्त किया। जब्त शराब की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

वही पुलिस ने आबकारी अधिनयम में मामला दर्ज करते हुए कार सवार राजसमन्द जिले के नान्दवा निवासी 25 वर्षीय कैलाशलाल पिता भैरुलाल सालवी और 35 वर्षीय लाडू पिता देव वन को गिरफ्तार किया।

पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में दोनों तस्करों ने शराब को राजसमन्द के देवगढ़ से भरकर गुजरात के अंकलेश्वर ले जाना बताया है। फिलहाल पुलिस दोनों तस्करों से पूछताछ कर रही है।

यूक्रेन से आईं राजस्थानी छात्राएँ फ्लाइट से जयपुर पहुँची, मुख्यमंत्री गहलोत को दिया धन्यवाद

जयपुर। राज्य सरकार के निर्देशानुसार यूक्रेन से रात को मुंबई लाई गई राजस्थान की छात्राओं को प्रात: उड़ान संख्या 6ई 5384 इंडिगो मुंबई से 08:55 पूर्वाह्न जयपुर भेजा गया। इनकी फ्लाइट प्रात: 10:30 बजे जयपुर पहुंची जहाँ उनका भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार सभी प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इन छात्राओं के प्रति अति संवेदनशील रहे। उन्होंने जब तक छात्राएं सुरक्षित जयपुर नहीं पहुँच गईं तब तक पल-पल की जानकारी ली। इस फ्लाइट में जयपुर, कोटा, भीलवाड़ा, अजमेर और रावतभाटा की छात्राएँ थीं। रात्रिकाल में इन सभी छात्राओं को सुरक्षित राजस्थान भवन ले जाया गया जहाँ ठहरने व भोजन का उचित प्रबंध किया गया। फिर प्रात: इनकी फ्लाइट की व्यवस्था कर इन्हें मुंबई एयरपोर्ट लाया गया। वहाँ से ये छात्राएँ जयपुर पहुँची। आयुक्त राजस्थान फ़ाउंडेशन एवं राज्य नोडल अधिकारी धीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में राजस्थान भवन के अधिकारी मनोज तिवारी और सौरभ सिन्हा ने पूरी ज़िम्मेदारी से इन छात्राओं के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंजाम दिया।

बच्चें को लेकर रोडवेज बस में चढ़ी महिला से आधा तोला सोने की चैन पार

10 किमी आगे जाकर लगी भनक, आसपुर थाने में एक-एक यात्री की हुई जांच

आसपुर। डूंगरपुर से आसपुर जा रही एक महिला के गले से रोडवेज बस में चढ़ते समय सोने की चैन चोरी हो गई। 10 किमी आगे जाकर महिला को गले से चैन चोरी का पता लगा।

इसके बाद ड्राइवर बस को लेकर आसपुर थाने पहुंच गया। पुलिस ने बस में बैठे सभी यात्रियों की तलाशी ली, लेकिन चोरी हुई चैन नहीं मिली।

आसपुर थानाधिकारी सवाई सिंह सोढा ने बताया की डूंगरपुर जिले के गैंजी निवासी सीता रावल अपने बच्चे को लेकर साबला की ओर जा रही थी। गैंजी से डूंगरपुर शहर आने के बाद वह डूंगरपुर रोडवेज बस स्टैंड पर गई। वहा से महिला आसपुर से साबला होकर प्रतापगढ़ जा रही बस में बैठने गई तो उसी समय पीछे से किसी एक युवक ने उसे धक्का दिया। जिस पर महिला को लगा की युवक को बस में चढने की जल्दी थी और खुद के पास बच्चा होने की बात कहकर वह पहले बस में चढ़ गई। डूंगरपुर शहर से करीब 10 किमी आगे खेड़ा के पास आकर महिला ने जब अपने गले में देखा तो सोने की चैन उसके गले से गायब थी। गले में चैन नहीं देखकर आसपास के लोगो को पूछा तो किसी ने कुछ जानकारी होने से मना कर दिया । इसके बाद महिला ने बस के ड्राइवर और कंडक्टर को चैन चोरी होने के बारे में बताया।

महिला सीता की शिकायत के बाद ड्राइवर बस को बिना रोके आसपुर थाने लेकर पहुंच गया। वही थाने पर पहुँचने के बाद महिला ने घटना के बारे में पुलिस को बताया। इसके बाद आसपुर थाना पुलिस ने बस में बैठी सभी सवारियो को बस नीचे उतारा और सभी यात्रियों व उनके बैग और सामान की तलाशी ली, लेकिन महिला की चोरी हुई चैन किसी भी यात्री के पास नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने बस को प्रतापगढ़ के लिए रवाना किया। इधर आसपुर पुलिस ने महिला सीता की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ चैन चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।